अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप-2022 का आगाज़

23वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप-2022 का शुभारंभ आर के खन्ना टेनिस स्टेडियम, नई दिल्ली में बड़े उत्साह के साथ किया गया। श्री निशिथ प्रमाणिक, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, गृह मंत्रालय और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल इस वर्ष अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में इस चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है।

माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, गृह मंत्रालय और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, ने चैंपियनशिप के उद्घाटन की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम की एक स्मारिका का अनावरण भी किया जिसमें माननीय गृह मंत्री, गृह राज्य मंत्री, अखिल भारतीय टेनिस संघ के अध्यक्ष, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, सीएपीएफ और पुलिस बलों के महानिदेशक, एडीजी प्रशिक्षण सीआरपीएफ, और आईजी प्रशिक्षण सीआरपीएफ के संदेश हैं। स्मारिका में टेनिस के बारे में लेख और रोचक तथ्य भी शामिल हैं।

राष्ट्र सेवा में सीएपीएफ और पुलिस बलों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए, माननीय मंत्री जी ने अपने संबोधन में, पुलिस बलों की बहुमुखी प्रतिभा और खेल के क्षेत्र में उनकी निपुणता की प्रशंसा की। उन्होंने इस चैंपियनशिप के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने की शपथ भी मंत्री जी के समक्ष ली।

देश भर के विभिन्न पुलिस बलों की 23 टीमें और 122 से अधिक खिलाड़ी चैंपियनशिप में विभिन्न ट्राफियों के लिए खेलेंगे, जिससे यह इतिहास की सबसे बड़ी एआईपीएल टेनिस चैंपियनशिप बन जाएगी। यह प्रतियोगिता 03 श्रेणियों में आयोजित किया जाएगी: टीम चैम्पियनशिप, ओपन (एकल और युगल) और वेटरन्स (एकल और युगल)। समापन समारोह आर के खन्ना टेनिस स्टेडियम, नई दिल्ली में दिनांक 18/11/2022 को 1600 बजे आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि आसूचना ब्यूरो के निदेशक श्री तपन कुमार डेका होंगे।

CHHATTISGARH
GUJARAT
GOA
HARYANA
HIMACHAL PRADESH
IB
ITBP
J&K
KARNATAKA
MAHARASHTRA
MP
MANIPUR
MIZORAM
NSG
PUNJAB
RAJASTHAN

enni Cham ionsh
18 N vember 022
By: C

23 All India Police
SOUVENIR